Dhainik Jaghran-New Delhi-18-05-2011

# हंसराज में पढ़ाई जाएगी एमएससी अर्थ साइंस

हंसराज कॉलेज का भवन।

प्राचार्य डॉ. वीके कवात्रा। जागरण

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : डीयू नॉर्थ कैंपस स्थित हंसराज कॉलेज एमएससी अर्थ साइंस कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसकी अवधि पांच वर्ष होगी और बारहवीं के बाद इसमें दाखिला लिया जा सकता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीके कवात्रा नें बताया कि एमएससी अर्थ साइंस कोर्स शुरू करने वाला हंसराज कॉलेज विवि का एकमात्र कॉलेज है। उन्होंने बताया कि आइआइटी जेईई की प्रवेश परीक्षा के बाद बनी मेरिट लिस्ट के आधार पर इस कोर्स में दाखिला लिया सकता है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित की कक्षाएं कॉलेज में ही लगेंगी। बाकी की कक्षाएं जूलॉजी विभाग में लगेंगी। कोर्स में 25 सीटें होंगी। कॉलेज में कुल सीटें 1165 हैं।

कॉलेज के कोर्सों का एडमिशन शेड्यूल विवि द्वारा घोषित तिथियों के अनुरूप ही रहेगा। खास बात यह है कि कॉलेज एडमिशन फॉर्म के अलावा स्पोर्ट्स और अतिरिक्त गतिविधियों के लिए अलग से फॉर्म जारी करेगा। कॉलेज में अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों (सांस्कृतिक गतिविधियां, नृत्य, गान, भाषण आदि में निपुणता) वाले छात्रों के लिए दो से तीन दिन ट्रायल लिए जाते हैं। निशानेबाजी व अन्य खेलों के लिए यहां बढ़िया

- पांच साल में पूरा होगा कोर्स एमएससी अर्थ साइंस पढ़ाने वाला डीयू का पहला कालेज बनेगा हंसराज
- आइआइटी प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जाएगा प्रवेश

स्पोर्ट्स ग्राउंड और शूटिंग रेंज की विशेष व्यवस्था है। दाखिल के लिए कॉलेज ने अलग से कोई नियम नहीं बनाए हैं। विवि की सभी गाइडलाइंस को दाखिला प्रक्रिया में वरीयता दी जाएगी। अलग से कोई नियम छात्रों पर नहीं थोपा जाएगा। कॉलेज में केवल ब्वॉयज हॉस्टल है, जिसकी क्षमता 180 छात्रों की है।

**प्लेसमेंट केंद्र :** कॉलेज ने अपना प्लेसमेंट केंद्र भी खोला हुआ है। जिसके माध्यम से गत वर्ष 180 से अधिक छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के ऑफर दिए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र कॉलेज की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट हंसराजकॉलेज डॉट को डॉट इन पर सर्च कर सकते हैं।